सार-समाचार

## माहे सफर 1446 हिजरी का चांद दिखा



**कपासन**, (निसं)। प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह शरीफ पर माहे सफर 1446 हिजरी का चाँद मंगलवार शाम को नजर आया। हज़रत दीवाना शाह साहब का तीन दिवसीय 83वां उर्स 12 अगस्त सोमवार से शुरू होकर 14 अगस्त बुधवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा।वक्फ कमेटी दरगाह हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खां अशरफी के अनुसार तीन दिवसीय 83वां उर्स बाबा हुजूर के शाही महफिलखाने मे 6 सफर को अताऐ रसूल हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छट्टी शरीफ की महफिल से शुरू होकर 8 सफर बुधवार को जोहर की अज़ान से पूर्व कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा। मंगलवार को चन्द्र दर्शन के मोके पर दिनभर जायरीने दीवाना का आना-जाना लगा रहा। मिन्नत के धागे बाँधने वालो की होड लगी रही, छोटे-छोटे बच्चो को गुड, खोपरा व सूखे मेवे से तोल कर मिन्नत उतारी। मेला ठााउण्ड मे 300 से उपर अस्थाई दुकाने लगी। दिन-भर महफिले मिलाद एवं महफिले समां का प्रोग्राम चलता रहा। दरगाह परिसर के अन्दर व बाहर 50 सिक्युरिटी गार्ड लगाए गए।दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्य अब्दुल वहीद अंसारी के अनुसार दरगाह शरीफ स्थित मेला ठााउण्ड मे दुकान आवंटन के लिए बुलन्द दरवाजा के पास ऑफिस मे फार्म मिलने बुधवार प्रातः 10 बजे शुरू हो जाएगे। जो भी व्यक्ति मेला ठााउण्ड मे होटल, झुला-चकरी, मनिहारी व अन्य व्यवसाय के लिए दुकान लगाना चाहे फार्म भरकर दुकान प्राप्त कर ले। सांयकाल चाँद देखते ही दरगाह परिसर नारो से गूंज उठा। एवं एक-दुसरे को हर्षोउल्लास के साथ मुबारकबाद देने लगे इसके साथ ही 83वें उर्स की चहल-पहल शुरू।

## मकान की छत गिरी

**मंडफिया**, (निसं)। भदेसर के समीप आसावरा माता गांव में स्थित एक मकान की दूसरी मंजिल की छत अज्ञात कारण के चलते गिर गई। भगवान का शुक्र है कि उस समय उस छत के नीचे परिवार का कोई सदस्य नहीं था यह छत लगभग 6-7 माह पूर्व डाली गई थी। मकान की छत किन कारण से गिरी इसका पता नहीं चल पाया। जानकारी के अनुसार आसावरा माता निवासी कालूलाल नाई ने अपने मकान के ऊपर लोन लेकर रहने के लिए दूसरी मंजिल बनाई एवं दूसरी मंजिल की छत लगभग 6 -7 माह पूर्व डाली गई पिछले दो-तीन दिनों से तेज वर्षा भी हुई सोमवार को दोपहर में अज्ञात कारण के चलते यह छत एकाएक गिर गई यह मकान भदेसर आवरी माता मुख्य सड़क के समीप स्थित है यह तो घणी मत रही कि जिस समय छत का मलबा गिरा उस समय नीचे की तरफ कोई नहीं था वरना कोई बड़ा हादसा हो सकता था। गृह स्वामी अपने पुत्र संजय के साथ सैलून कटिंग की दुकान पर कार्य कर रहा था तथा गृह स्वामी की पत्नी और उसकी पुत्रवधू एवं पुत्री घर के कामों के कारण घर के अंदर ही थी तथा नन्हे बच्चे भी अंदर ही खेल रहे थे। घटना की जैसे ही सूचना मिली मौके पर ठाामीण जन एकत्रित हो गए। घटना की सूचना गृह स्वामी के द्वारा सरपंच प्रतिनिधि अशोक रायका को दी।

## कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

**भीण्डर**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन भीण्डर तहसील कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को श्रीराम होटल कीर की चौकी पर आयोजित हुई। बैठक जिलामंत्री प्रेमशंकर रामावत, जिला संयुक्त सचिव नीमत लाल मेनारिया, जिला संगठन मंत्री त्रिभुवन मेनारिया, भरत कुमार व्यास, जिला सचिव श्याम चौबीसा के आतिथ्य में हुई। जिला महामंत्री प्रेम शंकर रामावत मेनार ने फाउंडेशन के द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में जो कार्य संपादित किया जा रहे हैं उनका लाभ समाजजन को ज्यादा से ज्यादा दिलवाने, वृक्षारोपण कार्यक्रम, संगठन विस्तार जैसे कार्यक्रमों का विस्तार करने के बारे में बताया। त्रिभुवन मेनारिया ने कहा कि संगठन सर्वोपरि हैं संगठन की रीति नीति के अनुसार ही सारे कार्य किए जाएंगे। निमत लाल मेनारिया ने संगठित होकर कार्य करना है जिसे समाज को नई दिशा मिल सके। तहसील अध्यक्ष प्रवीण आमेट कहा कि हम सभी मिलकर भीण्डर तहसील की कार्यकारिणी बनाकर विशाल कार्यक्रम का आयोजन करें। जिला मंत्री भरत व्यास ने कहाकि सभी का दायित्व बनता है कि साथ खडे रहकर सबको शक्ति और संबल प्रदान करे। इस अवसर पर वरिष्ठ महामंत्री ओम प्रकाश वेणावत, युवा प्रकोष्ठ भीण्डर तहसील अध्यक्ष मुकेश पण्डिया, महामंत्री राजेश कुमार मेनारिया, निलेश चौबीसा, गिरीश मंदावत आदि उपस्थित रहे।

## उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मंडफिया**, (निसं)। भदेसर उपखंड मुख्यालय स्थित उपखंड कार्यालय पर भदेसर तहसील क्षेत्र के समस्त राशन डीलरों के द्वारा उपखंड अधिकारी को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।राशन डीलर शक्ति सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान राज्य राशन विक्रेता संघर्ष समिति के तत्वाधान में पूरे राजस्थान में राशन विक्रेता अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी क्रम में भदेसर तहसील क्षेत्र के समस्त राशन डीलरों के द्वारा मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन पत्र भदेसर उपखंड अधिकारी को दिया गया एवं विभिन्न मांगों के निराकरण की मांग की गई। ज्ञापन देने के पश्चात राशन डीलर संघ के द्वारा राशन डीलर रामेश्वर लाल मीणा के असामयिक निधन होने पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई एवं 2 मिनट का मौन रखा गया। राशन डीलर रामेश्वर लाल मीणा का आंदोलन के दौरान निधन हो गया था।

# स्तनपान मातृत्व की पहचान व शिशु के लिए वरदान : डॉ कावडिया

**राजसमंद**, (निसं)। विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत शहर के सौ फिट रोड स्थित कावडिया हॉस्पिटल में स्तनपान अमृत पान विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कावडिया ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जन्म से 6 माह तक नवजात शिशु को केवल स्तनपान ही करना चाहिए। यह शिशु का संपूर्ण आहार ही नहीं बल्कि जच्चा वह बच्चा दोनों को निरोग रखने का चमत्कारिक एवं अचूक यौगिक है।

स्तनपान का तात्पर्य है शुरू के 6 माह तक बच्चों को केवल मां का दूध

■ डॉ सीमा कावडिया ने बताया कि स्तनपान करने से महिलाओं की सौंदर्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती



राजसमंद के कावडिया हॉस्पिटल में स्तनपान अमृत पान विषय पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करती नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कावडिया एवं मौजूद माताएं।

दे ऊपर का दूध टॉनिक आदि ना दे। उन्होंने यह भी बताया कि जन्म के आधे घंटे बाद ही मां अपने बच्चों को दूध पिला सकती है हमारे यहां अधिकांश महिलाओं की धारणा होती है कि बच्चों के जन्म के बाद माता के दो-तीन दिन तक दूध नहीं आता है और ऐसे में माताएं घर में बना गुड पानी वह ऊपर का दूध बच्चों को दे देती है। भारतीय शिशु अकादमी के एक सर्वे के अनुसार केवल 24 प्रतिशत महिलाएं ही प्रसव के आधे घंटे बाद बच्चों को अपना दूध पिलाती है। प्रसव के उपरांत मां के तीन दिन गाढा पीला दूध स्त्रावित होता है जिसे कोलेस्ट्रम कहते हैं। इसमें होने वाली एंटीबायोटिक बीमारियों के विरुद्ध बच्चों की रक्षा होती है। इस दूध में प्रोटीन, वसा, शर्करा, खनिज, कैल्शियम, विटामिन एवं लोह तत्व की अधिक मात्रा होती है।

उन्होंने बताया कि स्तनपान से माता परिवार एवं समाज को लाभ देने के साथ ही बच्चों में मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास सहायक होता है। भारत में प्रतिवर्ष डेढ लाख शिशुओं की मृत्यु उन्हें प्रारंभिक अवस्था में मां का दूध नहीं मिल पाने के कारण होती है। मां का दूध नहीं मिल पाने के कारण बच्चों में 55 प्रतिशत कुपोषित एवं 30 प्रतिशत बालकों में निमोनिया अधिक होता है। इस अवसर पर पोषण और मेडिटेशन विशेषज्ञ डॉ सीमा कावडिया ने बताया कि स्तनपान करने से महिलाओं की सौंदर्य में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आती है। कामकाजी महिलाएं अपना दूध 8 घंटे सामान्य तापमान पर 24 घंटे फ्रिज में तथा तीन माह तक डीप फ्रीजर में सुरक्षित रख सकती है। साथ ही महिलाओं में जो तनाव की स्थिति के कारण दूध नहीं बन पाता है उसके लिए कई महत्वपूर्ण मेडिटेशन के प्रयोग भी कराए गए। स्तनपान सप्ताह संयोजक निर्मला ने बताया स्तनपान से मां में अप्रत्यक्ष रूप से जल्दी गर्भधारण से मुक्ति प्रसव के दौरान खून की हानि को कम करने के साथ ही ओवरी के कैंसर की संभावना भी काम हो जाती है। इस अवसर पर अस्पताल में स्तनपान कक्ष का भी उद्घाटन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्सिंग स्टाफ राजेश रैगर, तरुणा कुंवर, विजय सेन, हर्ष शर्मा, देवीलाल, निखिल आदि का सहयोग रहा।

# बिछीवाड़ा प्रधान व बेटों पर जमीन हड़पने का आरोप

**डूंगरपुर**, (निसं)। बिछीवाड़ा क्षेत्र के गांव धामलात फला के लोगों ने बिछीवाडा प्रधान और उसके दो बेटों पर जबरन जमीन हडपने के आरोप लगाए हैं।

■ ग्रामदानी अध्यक्ष पर कार्यवाही नहीं करने का आरोप

डूंगरपुर के ग्रामदानी गांव धामलात फला के लोगों ने बिछीवाडा प्रधान और उसके 2 बेटों पर जबरन जमीन हडपने के आरोप लगाए हैं। ग्रामदानी अध्यक्ष पर भी प्रधान के दबाव में कोई कार्यवाही नहीं करने के आरोप लगाए हैं। पीडित लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर खातेदारी हक दिलाने की गुहार लगाई है। बिछीवाडा प्रधान ने उन पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है। बिछीवाडा पंचायत समिति के ग्रामदानी गांव धमलात फला के हीरा, शांतिलाल, नारायणलाल, जयशंकर, कांति,वजा, शंकर सोमवार को डूंगरपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए बताया कि ग्रामदानी गांव धमलात फला में खसरा संख्या 6595 2305 और 6603 2218 पर 5 पीढियों से काबिज है। जिस पर खेतीबाडी कर परिवार चलता है। इस जमीन पर बिजली कनेक्शन के साथ ही सिंचाई के लिए पाईप लाईन बिछी हुई है। कृषि भूमि के चारों ओर थुअर की बाड की हुई है। इस जमीन पर बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत, उनके दोनों पुत्र महेंद्र सरपंच पति धमलात फला और गजेंद्र उन्हें हटाकर कब्जा चाहते हैं। विरोध करने पर दूसरी जमीन भी हडपने की धमकी दे रहे हैं। इसे लेकर ग्रामदानी अध्यक्ष से भी बात की,लेकिन वे भी पक्षपातपूर्ण रवैया कर रहे हैं। मामले को लेकर बिछीवाडा प्रधान देवराम रोत का कहना है कि जिस जमीन को लेकर विवाद खडा किया जा रहा है और वह जमीन उनकी पुश्तैनी जमीन है। प्रधान देवराम ने कहां कि डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने 2 बार इस मामले की जांच के लिए विधानसभा में मुद्दा उठाया, लेकिन प्रशासन ने आज तक जांच नहीं करवाई। प्रधान देवराम ने कहां कि उनके स्वामित्व की जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। जिसके चलते बेबुनियाद विवाद खडा किया जा रहा है। बिछीवाडा प्रधान ने उन पर लगाए गए आरोपों को नकारते हुए जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

## शिविर आठ को

**डूंगरपुर**, (निसं)। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिथल में 8 अगस्त को वृद्धावस्था शिविर आयोजित आयुर्वेद विभाग के निर्देशानुसार आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजकीय आयुर्वेद औषधालय सिथल में 8 अगस्त गुरुवार को आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. अभयसिंह मालीवाड के सानिध्य में जेरियेट्रिक कैम्प (वृद्धावस्था शिविर) का आयोजन किया जाएगा। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. विजय कुमार जोशी ने बताया कि ६० वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के लिए आयोजित शिविर में योगाभ्यास की जानकारी के साथ आयुर्वेदोक्त दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार, स्वस्थ जीवन शैली, पंचकर्म, डायबिटीज, बीपी, कैंसर, वात व्याधि, श्वास, दुर्बलता जैसी बीमारियों की जानकारी दी जाएगी। आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क निदान लेबोरेटरी जांच द्वारा मार्गदर्शन के साथ आयुर्वेद औषधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

# राज्य कर्मचारी घोषित करने की मांग

**डूंगरपुर**, (निसं)। आंगनवाडी महिला कर्मचारी संघ ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना देकर प्रदर्शन किया। इस दौरान महिला कार्मिकों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आंगनवाडी कर्मचारी संघ ने कार्मिकों को राज्य कर्मचारी घोषित करने व घोषणा नहीं होने तक 22 हजार रुपए मानदेय दिए जाने की मांग की है।

■ आंगनवाडी महिला कर्मचारी संघ ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

जिले में आंगनवाडी महिला कार्मिक संघ की जिला संरक्षक लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में डूंगरपुर जिले की आंगनवाडी और मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका,आशा सहयोगिनी और ग्राम साथिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुए। इस दौरान आंगनवाडी कार्मिकों ने अपनी मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन भी किया। आंगनवाडी महिला कार्मिक संघ की जिला संरक्षक लक्ष्मी जैन ने बताया कि आंगनवाडी और मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी और ग्राम साथिन अन्य विभागों के कार्मिकों की तरह वर्षो राज कार्य कर रही है,लेकिन उन्हें अभी तक राज्य कर्मी का दर्जा नहीं मिला है। वहीं, उनकी मेहनत अनुसार उन्हें पर्याप्त मानदेय भी नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहां कि संगठन के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, सहायिका और ग्राम साथिन को राज्य कर्मचारी घोषित करने और घोषणा नहीं होने तक इनका मानदेय बढाकर 22 हजार रुपए की करने की मांग सरकार से की गई है। वहीं, इसके साथ ही बकाया मानदेय का भुगतान, केंद्र और राज्य की ओर दिए जाने वाला मानदेय एक साथ देने, सेवानिवृत्ति पर ग्रैचुइटी के रूप में 3 लाख रुपए एक मुश्त भुगतान और 5 हजार रुपए मासिक पेंशन देने सहित अन्य मांगों को पूरा करने की मांग की गई है।

सार-समाचार

## उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक

**बांसवाड़ा**, (निसं)। जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला कलक्टर डॉ. इंद्रजीत यादव ने जिले में उपभोक्ता जागरूकता का संचार करने के साथ ही उपभोक्ता समस्याओं के समयबद्ध प्रभावी समाधान के लिये विभागीय अधिकारियों को पाबंद किया। डॉ. यादव ने भ्रामक सूचनाओं को लेकर विभागीय स्तर पर सही सूचनाओं का समय पर प्रसारण करने तथा उपभोक्ता जागरूकता के लिए शिक्षा विभाग स्तर पर साहित्य निर्माण एवं वितरण के साथ ही डिजिटल माध्यमों में भी उपयोगी सूचनाओं को प्रसारित करने पर बल दिया। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित कार्यक्रम व गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 660 वितरण केद्रों पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सामग्री का वितरण किया जा रहा है। भारतीय उपभोक्ता परिसंघ के राष्ट्रीय सचिव निरंजन द्विवेदी ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन सहित उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी विभिन्न सूचनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए उपभोक्ताओं में जागरूकता लाने व राहत के लिए विभाग स्तर पर अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने प्रावधानों के अनुसार टोल प्लाजा की व्यवस्थाओं को उपभोक्ता हित में प्रभावी बनाने, आरजीएचएस सुविधा के तहत दवाइयां उपलब्ध करवाने, विभिन्न पर्यटक केंद्रों पर उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने आदि सुझाव दिए। जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद के सदस्य दीपक श्रीमाल ने विश्वविद्यालय एवं विधि महाविद्यालय के माध्यम से उपभोक्ताओं में जागरूकता का संचार करने और विशेष अभियान के माध्यम से क्षेत्र में उपभोक्ता आंदोलन के सशक्तिकरण, उपभोक्ता मंचों के महत्वपूर्ण फैसलों की सूचनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार की जरूरत बताई।

## हरियाली अमावस्या का मेला सम्पन्न

**डूंगरपुर**, (निसं)। तीन दिवसीय हरियाली अमावस्या का मेला मंगलवार को पूर्ण यौवन के साथ सम्पन्न हुआ। नगर परिषद डूंगरपुर द्वारा आयोजित इस मेले में पुराना बस स्टेण्ड स्थित नाना भाई पार्क, फतेहगढी पार्क, सुभाष पार्क, नेहरू पार्क, बादल महल, गेपसागर की पाल, शहीद पार्क, माधव उद्यान, शास्त्री कॉलोनी पार्क, सुभाष पार्क, आदि पर आकर्षक रोशनी की गई है, वही बादल महल पर म्युजिकल फव्वारें, संग्रहालय तथा बच्चों के लिए लगाये गये मिक्की हाऊस सहित विभिन्न मनोरंजन के साधनों नौनिहालो ने जमकर लुफ्त उठाया। परिषद के द्वारा शहर को आधुनिक पर्यटक स्थल के रूप में बदलने की कवायद ने शहर की तस्वीर ही बदल दी। जिसका इस बार आम जन ने जमकर तारीफ की। शाम ढलते ही शहरवासी परिवार व मित्र जनों के साथ मेले का आनंद लेने पहुंचे। जहां बच्चों ने जमकर खिलौनों व अन्य संसाधनों की खरीद की। तो वही दूसरी ओर चार्ट पकोडों व व्यंजनों के स्टॉलों, मुंगफली,आदि के ठेलों पर भी खासी भीड देखी गई। इस दौरान पुलिस व्यवस्था के साथ साथ पालिका प्रशासन द्वारा भी नागरिकों के लिए सुविधाएं की गई थी।

## कावड़ यात्रा 12 अगस्त को

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर राजनगर से रामेश्वर महादेव तक 12 अगस्त सोमवार को 2100महिला कांवडियों के साथ निकलने वाली महिला कावड यात्रा की तैयारी को लेकर मंगलवार को मंदिर परिसर पर नर्बदेश्वर महादेव महिला मंडल द्वारा बैठक आयोजित हुई। बैठक में कावड यात्रा की तैयारी को लेकर जानकारी दी गई। कावड यात्रा 12 अगस्त सोमवार को प्रातः 8 बजे श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर राजनगर से शहर के प्रमुख मार्ग सदर बाजार, दानी चबूतरा, नायकवाडी, मालीवाडा, मानक चौक होते हुए अंबेडकर सर्किल से बजरंग चौराया के बाद सीधे रामेश्वर महादेव पहुंचेगी। कावड यात्रा में भगवान भोलेनाथ एवं मातृशक्ति की चार झांकियां, दो घोडे जिस पर लक्ष्मीबाई एवं भारत माता के रूप में बालिकाएं, डीजे एवं बैंड अपनी मधुर धुन के साथ हर हर महादेव के जयकारों के साथ कावड यात्रा श्री रामेश्वर महादेव पहुंचेगी जहां महिलाएं अपनी कावड से भगवान भोलेनाथ के जला अभिषेक करेंगी। कावड यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत द्वार बनाकर पुष्प वर्षा कर कावड यात्रा का स्वागत किया जाएगा। साथ ही बालाजी महाराज सेवा समिति बजरंग चौराहे द्वारा बुलडोजर स्वागत एवं रामेश्वर महादेव मंदिर पर समिति की ओर से महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

## मंदिर प्रबंधकों में जोरदार आक्रोश

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय के कांकरोली बस स्टैंड पर स्थित राठासेन माता मंदिर में एक विक्षिप्त युवक द्वारा उत्पात करने और पुजारी से मारपीट करने को लेकर मंदिर प्रबंधकों में जोरदार आक्रोश है। इसी विरोध के चलते मंगलवार को मंदिर के अधिकारियों ने मंदिर पर तालाबंदी कर दी। है। सूचना के बाद कांकरोली पुलिस मौके पर पहुंची और हालात जायजा लिया। फिलहाल मौके पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। राठासेन माता मंदिर अध्यक्ष हरगोविंद पालीवाल ने बताया कि पूर्व में कई बार विक्षिप्त युवक द्वारा मंदिर में उत्पात एवं तोडफोड का प्रयास किया गया है। इसकी शिकायत कांकरोली थाना पुलिस एवं एसपी को दी गई लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके चलते सोमवार सुबह फिर युवक के हौसले बुलंद हो गए और उसने मंदिर के तीन लोगों के साथ अलग-अलग स्थान पर मारपीट करने का प्रयास किया। मंदिर में तालाबंदी होने से स्थानीय लोग भी दर्शन नहीं कर पा रहे हैं और लोगों में जोरदार आक्रोश है। फिलहाल मौके पर पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। वहीं स्थानीय लोग आरोपी की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## मंत्री खराडी दो दिवसीय दौरे पर

**डूंगरपुर**, (निसं)। जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग राजस्थान सरकार एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराडी 7 एवं 8 अगस्त को जिले के दौरे पर रहेंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर कुलराज मीणा ने जिला प्रभारी मंत्री श्री बाबूलाल खराडी के दौरे के मद्देनजर उपायुक्त जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग डूंगरपुर के आगमन से प्रस्थान तक प्रोटोकॉल एवं लाईजनिंग अधिकारी का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं।

# एक भी बच्चा एल्बेंडाजॉल की खुराक से ना छूटे : डॉ ताबियार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने के लिए जिला स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने बताया कि 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एवं 17 अगस्त को मॉपअप दिवस

■ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित हुआ

■ 10 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस व 17 अगस्त को मॉपअप दिवस मनाया जाएगा



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाने के लिए जिला स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण में मार्गदर्शन देते सीएमएचओ डॉ. एचएल ताबियार।

मनाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा के साथ-साथ शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से शत-प्रतिशत बच्चों को कवर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि तीनों विभाग मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रख रहे हैं। ताबियार ने कहा कि कार्यक्रम के तहत बच्चों को एल्बेंडाजॉल की खुराक दी जाएगी वहीं मुख्य दिन यदि निर्धारित आयु में कोई बच्चा छूट जाता है तो 17 अगस्त को मॉकअप दिवस भी मनाया जाएगा। विभाग की ओर से प्रयास किए जाएंगे कि एक भी बच्चा एल्बेंडाजॉल की खुराक से ना छूटे। उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केंद्रों पर एक से पांच वर्ष तक बच्चों और विद्यालय नहीं जाने वाले 6 से 19 वर्ष तक के बच्चों को यह खुराक दी जानी है। साथ ही निजी और सरकारी विद्यालयों के साथ तकनीकी संस्थानों, मदरसों में भी एल्बेंडाजॉल की खुराक देकर कवर किया जाएगा। इसके लिए स्कूल, चिकित्सा और आंगनबाडी केंद्र के अनुसार अलग-अलग रिपोर्टिंग फार्मेट भी जयपुर से प्राप्त होंगे। एमएमआर कॉर्डिनेटर नयन व्यास ने पीपीटी के माध्यम से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस की जानकारी दी। एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 400 एमजी की गोली को आधी कर चम्मच में पानी के साथ मिलाकर दी जाएगी वहीं 2 से 3 वर्ष तक के बच्चे को एक पूरी गोली पानी के साथ चुरकर दी जाएगी तथा 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को पूरी गोली चबाकर पानी के साथ खुराक से कृमि नियंत्रण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ खुशपाल सिंह, डीपीसी डॉ प्रवीण गुप्ता, बीसीएमओ डॉ भगत सिंह तंबोलिया, डॉ मुकेश मईडा, डॉ दीपिका रोत, डॉ वनिता त्रिवेदी, आईईसी सीओ अमित शाह, एसएसओ मुकेश पाटीदार, एलएचवी कविता सीके, शिक्षा विभाग से एडीईओ दलसिंह आदि मौजूद रहे।

## नशे व अपराध से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**डूंगरपुर**, (निसं)। ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांकरादरा में मंगलवार को पुलिस विभाग डूंगरपुर द्वारा जन जागृति शिविर एवं सामुदायिक जागरूकता वात्सल्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम प्रधानाचार्य लालशंकर बरण्डा की अध्यक्षता, वृत्ताधिकारी थाना कोतवाली डूंगरपुर भगवानलाल के मुख्य आतिथ्य एवं सरपंच कांकरादरा ईश्वरलाल कोटेड, उप सरपंच गट्टूलाल, पूर्व सरपंच लालूराम, विद्यालय प्रबंध समिति सदस्य एवं वागड विजन डेवलपमेंट समिति डूंगरपुर के नेत्र विशेषज्ञ कुलदीप भट्ट के विशिष्ठ आतिथ्य में हुआ। इस दौरान वृत्ताधिकारी ने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ-साथ उन्नत भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपराध के बढते ग्राफ को नियंत्रित करने के लिए विद्यालय, शिक्षक,अभिभावक एवं समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को पोक्सों एक्ट के बारे में जागरूक करते हुए नशे एवं अपराध से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नेत्र विशेषज्ञ कुलदीप भट्ट ने विद्यार्थियों को आंखों की देखभाल की जानकारी दी। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से हेड कांनि. नारायणलाल एवं बीट कांस्टेबल सुरेंद्रसिंह सहित हिम्मतराम बरण्डा, विनय, रणछोड कटारा,अनीता पंड्या, जीना वरहात आदि मौजूद रहे।

# नेमिनाथ जन्म कल्याणक को लेकर तैयारियां जोरों पर



पुण्य प्रवचन हॉल में धर्म प्रेमियों को व्याख्यान देते मुनिश्री।

**डूंगरपुर**, (निसं)। आसमान में कितना ही उडो उसकी ना नहीं हैं,लेकिन पैर जमीन से लगा के रखों। तरक्की खूब करों, लेकिन जिस भगवान के आशीर्वाद से तुमने जो मुकाम हासिल किया हैं, उस भगवान के उपकारों को मत भूलों।

यह बात नेमीनाथ मंदिर के उपाश्रय में विराजित मुनि पवित्र रत्न सागर ने कही। पूज्य श्री ने बताया की जीवन में कितनी ही ऊंचाइयों को प्राप्त करो, लेकिन अपने उपकारी को कभी मत भूलो। अपने सबसे बडे उपकारी परमात्मा हैं,आज जो भी आप लोगो के पास धन दौलत हैं वो भगवान के बदौलत हैं। आप गांव छोडकर शहर जाओं तो भी अपने गांव के भगवान को नही भूलना चाहिए। नए मंदिर भले बनाओं उसकी ना नही है,पर जो पुराना मंदिर हैं उसको मत भूलों। भगवान की पूजा से विघ्न दूर होते हैं, मन हमेशा प्रसन्न रहता है। आपको जो भी चाहिए भगवान से मांगो।

दूसरो के सामने हाथ मत फैलाओं। क्यूंकि भगवान देकर कभी एहसान नहीं जताते। साथ में ही पूज्य मुनिरत्ना सागर ने कहा कि सुख ऐसा होना चाहिए जितना भोगों उतना बढना चाहिए कम नही होना चाहिए। सब इंसान सुख प्राप्त करने का प्रयास करते है, लेकिन सुख की बजाए दुःख प्राप्त करते है। संसार में सुखी कोई नही है, हर किसी को कुछ न कुछ दुःख हैं। शांति चाहिए जीवन में तो संतोष को अपनाओं और जो प्राप्त हैं, उसका आनंद लो। श्रीसंघ के अध्यक्ष गजेंद्र जैन ने नेमीनाथ जन्म कल्याणक के बारे में बताया की 9 अगस्त को भव्य तरीके से भगवान नेमीनाथ का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। मंदिर की सजावट होगी साथ ही बीस फीट ऊंचा गिरनार पर्वत की भी रचना होगी साथ ही पूरे परिसर को रंगोली,गहूंली, दीपक रोशनी से सजाया जाएगा।

